Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request the government to give compensation to the farmers who suffered crops loss due to rainfall and hailstorm and give payment to sugarcane farmer.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): आपको बहुत-बहुत शुक्रिया। मेरे जिला सहारनपुर की तहसील बेहट के एक किसान, जिसका नाम वेदपाल, पुत्र मोहर सिंह है, ने आत्महत्या कर ली, जिसकी कुल उम्र 47 साल थी और उसके चार बच्चे हैं। उसने आत्महत्या पंजाब नेशनल बैंक के सामने की, उस बैंक के सिर्फ 11,000 रुपये, जो सूद के बनते थे, उस पर बाकी थे। मेरी मांग है कि इसकी जांच कराई जाए, उसके परिवार की सहायता की जाए और यदि उस पर कोई कर्ज है तो उसे माफ करने के लिए आप आदेश देने की कृपा करें।

इसके अलावा, जिला सहारनपुर के अंदर पिछले दिनों बारिश और ओले की वजह से फसलों का बहुत नुकसान हुआ है। मेरी मांग है कि वहां के किसानों की सहायता की जाए और अगर कोई कर्ज है तो उनको माफ किया जाए। मैं इसके अलावा एक अन्य बात कहना चाहूंगा।

मान्यवर, मेरे जिले में गन्ने की बहुत पैदावार होती है, लेकिन वहां पर मिल्स एक-एक साल तक उनकी पेमेंट नहीं करती हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि उनको पेमेंट दिलाई जाए और साथ ही उनके सूद की अदायगी भी की जाए।

جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): جناب، اسپیکر صاحب، آپ کا بہت بہت شکریہ، میرے ضلع سہارنپورکی تحصیل بیہٹ کے ایک کسان جس کا نام ویدپال، پُتر موہر سنگھ ہے نے خودکشی کر لی، جس کی کُل عمر 47 سال تھی اور اس کے چار بچے ہیں۔ اس نے خودکشی پنجاب نیشنل بینک کے سامنے کی، اس بینک نے صرف 11000 روپئے جو سود کے بنتے تھے، اس پر باقی تھے۔ میری مانگ ہے کہ اس کی جانچ کرائے جائے، اس کی فیملی کی مدد کی جائے اور اگر اس پر کوئی قرض ہے تو اسے معاف کرنے کے لئے آپ حکم دینے کی مہربانی کریں۔

اس کے علاوہ ضلع سہارنپورپچھلے دنوں بارش اور اولے کی وجہ سے فصلوں کو بہت نقصان ہوا ہے۔ میری مانگ ہے کہ وہاں کے کسانوں کی مدد کی جائے اور اگر کوئی قرض ہے تو اسے معاف کیا جائے۔ میں اس کے علاوہ ایک اور بات کہنا چاہوں گا۔

جناب، میرے ضلع میں گنّے کی بہت پیداوار ہوتی ہے، لیکن وہاں پر مِلیں ایک۔ ایک۔ سال تک ان کی پیمینٹ نہیں کرتی ہیں۔ میری آپ سے گزارش ہے کہ ان کو پیمینٹ دلائی جائے اور ساتھ ہی ان کو سود کی ادائیگی بھی کی جائے۔ شکریہ...